## एक नजर में

### सेवासदन महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉ . रुपाली श्रॉफकी दो पुस्तकों का विमोचन



**बुरहानुपर।** सेवासदन महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक डॉ. रूपाली श्रॉफद्वारा लिखित पुस्तकों इन्ट्रोडक्शन टु बेसिक स्टटीस्टीक्स और इन्टेग्रल ट्रान्सफार्म विथ इटस एप्लीकेशन का विमोचन सेवासदन शिक्षा समिति की अध्यक्ष तारिका वीरेंद्रसिंह ठाकु, सचिव हसमुखलाल जरीवाला,सहसचिव के. डी. पटेल,मैनेजर मनीष पटेल, प्राचार्य डॉ. एस.एम.शकील, डॉ.जगदीश आसखडके, डॉ. मोहन सोनी, डॉ.राहुल राठौर, डॉ हर्षद दीक्षित एवं नेहा चौधरी द्वारा किया गया।महाविद्यालय का पूरा स्टाफ भी साक्षी बना। डॉ .श्रॉफ ने बताया कि पुस्तक स्नातक विद्यार्थियों को आँकड़ों की मूलभूत समझ विकसित करने में मदद करेगी। वहीं गणित की जटिल अवधारणाओं को सरल बनाकर स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्रों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी।दोनों ही पुस्तकें शोध एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में भी लाभकारी रहेंगी। इस अवसर पर श्रीमती तारिका वीरेंद्रसिंह ठाकुर ने कहा कि पुस्तके शिक्षक का ही नहीं समाज का भी आईना होती है एवं अत्यंत हर्ष होता है कि सेवासदन महाविद्यालय के प्राध्यापक निरंतर लेखन कार्य कर पुस्तकों का विमोचन करते आ रहे है।

### दुर्घटनाग्रस्त वाहन का आरटीओ चेक पाईट बुरहानपुर से कोई लेना देना नही

**ईच्छापुर।** विगत दिनो ईच्छापुर हाइवे पर 7/12 ढाबे के पास वाहन क्रमांक एमपी 68 झेड बी 8882 की जो दुर्घटना हुई है उस वाहन का परिवहन विभाग और आर. टी.ओ. चेकपाईट बुरहानपुर से किसी भी प्रकार का संबंध नही है।उक्त वाहन के संबंध में ज्ञात हुआ है कि यह वाहन इच्छापुर निवासी गोकुल महाजन का व्यक्तिगत वाहन है , इस वाहन का आरटीओ चेकपाईट बुरहानपुर से किसी भी प्रकार का संबंध नहीं है।इस भ्रामक स्थिति के कारण परिवहन विभाग की छवि धूमिल हो रही है।इस और ध्यान आकर्षित करते हुवे प्रभारी अधिकारी परिवहन चैक पोस्ट बुरहानपुर ने वस्तुस्थिति से अवगत कराया।

### लायंस क्लब, बुरहानपुर ने शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का किया सम्मान



**बुरहानुपर।** लायंस क्लब, बुरहानपुर द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी षिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में षिक्षको का सम्मान समारोह न्यू कृष्णा इंग्लिश स्कूल, डोंगरगांव में आयोजित किया गया।जिसमें 15 शिक्षकों का सम्मान शॉल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर किया गया एवं कार्यक्रम पश्चात स्नेहभोज का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफलॉयन डॉक्टर आई.एल. मूंदड़ा, लायंस क्लब अध्यक्ष लॉयन मुकेश देवड़ा, तृतीय उपाध्यक्ष लॉयन डॉ. राजेन्द्र चापोरकर, सचिव लॉयन एजाज गफ्फार खान, कोषाध्यक्ष लॉयन पुष्पा मूंदड़ा, एमजेएफ लॉयन सतीश अग्रवाल, एमजेएफ लॉयन संतोष श्रॉफ, लॉयन आजम राही, लॉयन मनीष पटेल, लॉयन हसमुखलाल जरीवाला, एमजेएफ लॉयन डॉ. एस एम तारीक, एमजेएफ लॉयन डॉ. हुमायू दाऊद, लॉयन राज खण्डेलवाल, लॉयन विलास बड़े, लॉयन ऋषि बड़े, लॉयन राम अग्रवाल सहित डोंगरगांव गांव के वरिष्ठ जोरसिंह दूधा पवार, ग्राम पंचायत सरपंच नेमीचंद पवार, प्रो. शेरसिंह पवार सहित गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। यह कार्यक्रम प्रोजेक्ट चेयरपेर्सन भूतपुर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लॉयन डॉ. आई. एल. मूंदड़ा साहब थे।

### नेशनल लोक अदालत 13 सितम्बर को



**बुरहानपुर।** जिले में 13 सितम्बरए 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत के प्रचार.प्रसार हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बुरहानपुर के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती आशिता श्रीवास्तव ने आज प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन बुरहानपुर जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार भ्रमण कर लोक अदालत का प्रचार.प्रसार करेंगे।प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से निराकृत होने वाले प्रकरणों में किसी पक्ष की हार नहीं होती हैं।पक्षकारों के मध्य मौजूद मनभेद पूरी तरह से खत्म होकर प्रकरणों का अंतिम रूप से निराकरण होता है। लोक अदालत में न्यायालय में लंबित समस्त दीवानीए समझौता योग्यए आपराधिकए चेक बाउंसए मोटर दुर्घटनाए क्षतिपूर्ति दावाए पारिवारिक प्रकरणए भूमि अधिग्रहणए विद्युत प्रकरणए श्रम एवं रोजगारए बैंक मनी रिकवरी एवं प्रीलिटिगेशन संपत्तिकर बिजली व जल कर सहित सभी राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण सुलह व समझौते के आधार पर किया जाएगा।साथ ही बताया कि जो व्यक्ति लोक अदालत के माध्यम से अपने प्रकरण का निपटारा कराना चाहते हैं वे संबंधित न्यायालय या विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने पक्षकारों से अपील की है कि वे आगामी लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में आपसी समझौते के आधार पर प्रकरणों का निराकरण करा कर उसका लाभ ले।इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती सरिता जतारियाए व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड श्री प्रेमदीप सांकलाए न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती शीतल बघेलए श्री राजू पन्द्रेए श्री भारत सिंह भंवर सहित अन्य उपस्थित रहे।

### शहर के लोगों ने देखा चंद्र ग्रहण

**नेपानगर।** शहर के लोगों ने रविवार रात 10ण58 बजे से तीन घंटे तक लगा चंद्रग्रहण देखा।इस दौरान कई लोगों ने यह खूबसूरत नजारा कैमरे में कैद किया। शहर के फ्रैंक्लीन साइमन ने चंद्रग्रहण की सारी तस्वीरें अपने कैमरे में कैद की। पल पल की इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर काफी सराहना मिल रही है।




# चन्द्रग्रहण के चलते आज भी श्री गणेश प्रतिमाओं का निकला विसर्जन चल समारोह



* हिन्दुओं के राजा का श्रीगणेशजी शेषनाग पर शयनमुद्रा में रहा विशेष आकर्षण ।
* चल समारोह को देखने उमडा जनसैलाब ,सडके हुई गुलाल से लाल -लाल ।





**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** अनंत चर्तुदशी शनिवार से प्रारम्भ श्री गणेशजी का विसर्जन चल समारोह रविवार को चंद्रग्रहण के चलते तिसरे दिवस भी हुवा श्री गणेश विसर्जन । उल्लेखनिय है कि अनंत चतुर्थी पर चंद्रग्रहण के कारण अधिकांश प्रतिमाओं का विसर्जन नहीं हो पाया था। जिसके कारण शेष रही प्रतिमाओं का विसर्जन सोमवार को सुबह से प्रारम्भ किया गया।इस विसर्जन समारोह में वैसे सभी प्रतिमाए आकर्षण और भव्य रही किन्तु हिन्दुओं के राजा की शेषनाग पर शयनमुद्रा ओर ब्रहमाजी का उनकी नाभी से निकलता हुवा दिखया जाना तथा शिवलिंग को भक्तिभाव स्वरूप दिखाया गया। इसके साथ चल रहा नासीक का बैन्ड ,झांकीयों ने समा ही बांध दिया। जो विशेष आकर्षण का केन्द्र रही।

शनिवार और रविवार को भी कुछ छोटी बड़ी प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ था। रविवार दोपहर एक बजे से चंद्रग्रहण का सूतक काल शुरू होने के कारण विसर्जन रोक दिया गया था। प्रशासन ने विसर्जन के लिए तीन स्थान ताप्ती नदी का राजघाट,छोटा पुल और हतनुर पुल को निर्धारीत किया था। ।सुरक्षा व्यवस्था के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। इस वर्ष जिले में कुल 792 स्थानों पर गणेश प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं। सोमवार सुबह से गणेश पांडालों से प्रतिमाओं के चल समारोह का क्रम शुरू हुआ। लगभग 300 के करीब प्रतिमाए चल समारोह में निकली। उत्सव के दौरान प्रतिदिन सुबह.शाम आरती की गई। साथ ही सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी होता रहा।

**हिन्दुओं के राजा श्रीगणेशजी शेषनाग पर विश्राम की मुद्रा में :-** इसी के अंतर्गत इस आयोजन को देश एवं विदेशों तक प्रारम्भ कर जनसामान्य तक पहुंचाने वाले आजादी के मतवाले,स्वतंत्रता सेनानी श्री बाल गंगाधर तिलक जी का सन 1917 में बुरहानुपर आगमन हुवा था। उपरोक्त जानकारी देते हुवें समिति अध्यक्ष महेशसिह चौहान ने बताया कि उनका शैक्षणिक जीवन सरस्वती स्कुल आरएसएस और हिन्दुत्ववादी विचारधारा का रहा है।हमारी सनातन संस्कृति को अधुण एवं साश्वत रखने के लिए हमारी तीज त्यौहार,परम्परा, संस्कृति से औतप्रोत कार्यक्रमो की श्रंखला को जीवंत रखने की सोच के चलते 2006 से उनके द्वारा इस तिलक हॉल परिसर में निरंतर श्रीगणेशजी की स्थापनाकर उत्सव के माध्यम से जनजागृति का प्रयास किया जाता रहा है।और इस कार्य में मेरे सहयोगी साथीयों का अहम योगदान गहता है।

श्री चौहान ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी प्रतिदिन अलग.अलग झांकीयो बनाई जाती रही और दर्शनार्थ हजारो भक्तो को मैला यहा लगा है। इस वर्ष भगवान श्री गणेशजी शेषनाग पर विश्राम की मद्रा में दिखाए गए है। मंगलकर्ता विघ्नहर्ता प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेशजी का शुभ आगमन में ओर विसर्जन समारोह में प्रमुख आकर्षण का केंद्र महाराष्ट्र के प्रसिद्ध बोल पतक की गूंज रही इसके अलावा भारत भर में प्रसिद्ध जबलपुर के राजकुमार बास बैंड ने वाद्ययंत्रो द्वारा अद्भुत व मंत्रमुग्ध कर देने वाली साँस्कृतिक प्रस्तुती दी और दक्षिण भारत के प्रसिद्ध कलाकारी द्वारा भक्तिभाव भरे कांतरा नृत्य संगीत की प्रस्तुती कमल टाकीज तिराहे पर दी गई। इस उत्साहपूर्ण वातावरण में हम सब मिलकर बापा भगवान श्री गणेशजी के शुभआगमन का बड़े धूमधाम के साथ आनंद व उत्साहपूर्ण वातावरण रहा। उन्होंने बताया कि लोकमान्य बालगंगाधर तिलक उत्सव समिति तिलक हॉल परिसर में प्रतिदिन भगवान श्री गणेशजी की शेषनाग पर लेटे हुवें मुद्रा में पहाड के विहंगम दृष्य के साथ मनमोहक झांकी आगर्पण का केन्द्र तो रही साथ ही प्रतिदिन बनने वाली झांकीया इस बार भी विगत वर्षानुसार शहर ग्रामीण ही नहीं पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र से भी हिन्दुओं के राजा के दर्शनार्थ बाड़ी संख्या में भक्तगण पधार रहे है।इस वर्ष चन्द्रग्रहण के कारण विसर्जन आज किया जा रहा है।जिसे हजारो स्थानिय एंव ग्रामीण भक्तो ने निहारा और प्रशंसा की।

## ग्राम बिरोदा में गणेश विसर्जन के जुलूस पर पथराव, स्थिति नियंत्रण में



**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर ।** रविवार रात्रि बुरहानपुर जिले के ग्राम बिरोदा में श्री गणेश विसर्जन के जुलूस एवं हनुमान चालीसा के दौरान समाज विशेष के लोगों द्वारा किए गए पथराव में 6 से अधिक लोग घायल हो गए हे ,प्रशासन 3 लोगों के घायल होने की बात कर रहा हे।जबकि 7 आरोपी राउंडअप किए गए हे।जिनसे पूछताछ की जा रही हे । मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया हे ।पुलिस ने घटनास्थल से सीसीटीवी का डीवीआर जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि पथराव में प्रकाश हरिभाऊ लश्करे और विजय महाजन को सिर पर चोटें आई हैं।ड्रोन से निगरानी भी की गई। पुलिस अधिकारी,तहसीलदार,थाना प्रभारी लगातार स्थिति का आंकलन कर ग्राम विरोधा का भ्रमण कर रहे हे। रात्रि में थाना लालबाग पहुंचने वालो में युवा बेटा अमित मिश्रा, गजेंद्र पाटिल,धनराज महाजन सहित अनेक नेताओं ने शांति व्यवस्था बनाए रखने और दोषियों पर कठोर कार्यवाही की बात कही हे ।



रात्रि 12 बजे के दरम्यान स्थानीय विधायक, पूर्व मंत्री एवं प्रदेश भाजपा प्रवक्ता श्रीमती अर्चना चिटनिस स्वयं थाना लालबाग पहुंची और देर रात तक स्थिति सामान्य होने तथा मामले पर नजर रखी हुई थी।बीजेपी विधायक अर्चना चिटनीस ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि इस गांव में एक साल पहले भी ऐसी घटना हुई थी और तब पुलिस प्रशासन को दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने को कहा गया था।उन्होंने जोर देकर कहा कि न्याय का पहला सिद्धांत है कि दोषियों के खिलाफसख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए ।



पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी का कहना हे कि सीसीटीवी कैमरों के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने की तैयारी कर रहे है।उन्होंने बताया कि विवाद के कारणों की जांच की जा रही है।सुरक्षा की दृष्टि से आने.जाने वाले लोगों पर नजर रखी जा रही है। बाहरी व्यक्तियों के आने.जाने पर रोक लगाई गई है।सोमवार दोपहर 12 बजे एसटीएफ, पुलिस बल ने गांव में फ्लैग मार्च निकाला। एसपी ने कहा कि जो भी इस घटना में शामिल होगा,उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सिविल अस्पताल में आयोजित विश्व फिजियोथैरपी दिवस






**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** विश्व फिजियोथेरपी दिवस जिला चिकित्सालय बुरहानपुर में सीविल सर्जन प्रदीप मोसेज, आरएमओ भूपेंद्र गौर,आँर्थोपेडिक डॉ.शरद पवार,डॉ.उदित अग्रवाल मेडिसिन की देखरेख में आयोजित हुआ। जिसमे अनेकानेक मरीजों जिन्होन फिजियोथेरपी के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ लिया। जिसमे स्थानीय मरीजों तथा इसी यूनिट के पूर्व मरीज संघ के सदस्यो ,पुर्व निगम चेयरमैन किशोर कुमार राठौर, शिक्षक युसुफ भाई ,पूर्व निगम एचओ रमेश महाजन, ईश्वर पवार, सत्यनारायण लड्ढा आदि ने फिजियोथेरपी यूनिट के अपने अनुभव साझा कर भूरी भूरी प्रशंसा की । यूनिट में ड्यूटी डॉ. द्वय कुमारी अंकिता कंडारे एवं डॉ. श्रुति सागरे की कार्यशैली और मरीजों को उनके थैरपी योगदान तथा उनके ममतामयी/आत्मीय व्यवहार कि प्रशंसा की। आज के इस विश्व फिजियोथैरपी कार्यक्रम का संचालन मनो चिकित्सक सिस्टर सिमा डेविड ने किया तथा सभी डॉक्टर्स का पुष्पगुच्छ देकर उपस्थित फिजियोथेरपी से लाभानिवत होने वाले मरीजो ने डॉक्टर्स एवं स्टाफ का पुष्प भेटकर सम्मान भी किया।

## हकीमिया स्कूल में नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर



**बुरहानपुर।** मध्य भारत के सबसे बड़े मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ऑल इज़् वेल बुरहानपुर द्वारा 07 सितम्बर रविवार को हकीमिया स्कूल, किला रोड, बुरहानपुर में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में 35 से अधिक मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया। शिविर में ऑल इज़् वेल हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉण् रोनिक बसोड ;अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ अकरम खान ;जनरल मैडिसनद्ध एवं डॉण् इल्का सिद्धिकी स्त्री रोग विशेषज्ञ के द्वारा इस मौसम से होने वाली स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का परामर्श दिया गया। सभी मरीजों को मौसमी विकारों से बचने एवं सुरक्षित रखने की सलाह दी। सभी मरीजों का निरूशुल्क जनरल चेकअप एवं ब्लड प्रेशर की जाँच की गई। ऑल इज़् वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे जी के दिशा निर्देशन एवं अल अहद फाउंडेशन एवं ऑल इज वेल हॉस्पिटल के स्टाफके सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।

## 350 सहकारिता कर्म./ अधि. की अनिश्चितकालीन हड़ताल



**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** मध्य प्रदेश सहकारिता समिति कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर बुरहानपुर में सोमवार से 350 सहकारिता कर्मचारी और कंट्रोल दुकान संचालक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। जिलाध्यक्ष विजय राठौर ने कर्मचारियों की तीन प्रमुख मांगों का उल्लेख किया। पहली मांग है कि 60 प्रतिशत संस्था कर्मचारियों का जिला बैंक में चयन प्रक्रिया के माध्यम से समिति प्रबंधकों की कैडर भर्ती की जाए।दूसरी मांग में अक्टूबर 2023 से उचित मूल्य दुकान प्रति विक्रेता का 18 माह का 54 हजार रुपए मानदेय का भुगतान शामिल है। तीसरी मांग सभी पैक्स संस्थाओं में सहकारिता व पंजीयक के आदेशानुसार बढ़े हुए वेतन का तत्काल भुगतान है। पैक्स कर्मचारी महासंघ ने 8 से 25 सितंबर तक अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल की घोषणा की है। 26 सितंबर को भोपाल में विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। मांगें नहीं माने जाने पर आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी गई है। हड़ताल का सीधा असर जिले के राशन वितरण और किसानों को मिलने वाली खाद की उपलब्धता पर पड़ेगा। सहकारिता कर्मचारी इन दोनों सेवाओं के वितरण का कार्य करते हैं। हड़ताल के कारण आम नागरिकों और किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

## नंदकुमार सिंह चौहान की जन्म जयंती पर शाहपुर में लगा स्वास्थ्य शिविर

**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** निमाड़ की नैया नंदू भैया के नाम से प्रसिद्ध रहे दिवंगत सांसद स्व. नंदकुमार सिंह चौहान की जन्म जयंती के अवसर पर सोमवार को उनके योगदान और उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद करते हुए काफी संख्या में लोगों ने शाहपुर पहुंचकर नंदू भैया की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा।मुख्य अतिथि नेत्र रोग विशेष डॉ.केपी श्रोती ने फीता काटकर स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया। स्वास्थ्य शिविर में बीएमडीए मशीन द्वारा लीवर की जांच, ब्लड प्रेशर, पल्स,ईसीजी आदि जांच की गई। इंदौर के एक निजी अस्पताल से डॉक्टरों की टीम पहुंची। इसमें अपोलो हॉस्टिपल इंदौर के एमडी, डीएम कॉडियोलॉजी,एफ्एसीसी व



सीनियर कंसल्टेंट इंटरनेशन कॉर्डियोलॉजिस्ट डॉ.अखिलेश जैन, डॉ.विवेक प्रताप सिंह एमडी मेडिसीन, कंसल्टेंट गैस्ट्रोएंटरोलॉजी सहित टीम ने सेवाएं दी। उनके पुत्र हर्षवर्धन सिंह चौहान ने कहा हर साल जन्म जयंती पर यह शिविर आयोजित किया जाता है। इस शिविर का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी और सुविधाएं प्रदान करना है। वहीं शिविर में काफी संख्या में लोग पहुंचे। पूर्व मंत्री एवं विधायक अर्चना चिटनिस, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने,महापौर माधुरी अतुल पटेल,पूर्व विधायक ठाकुर सुरेंद्र सिंह,सुजय सिंह चौहान, महेश सिंह चौहान, पूर्व महापौर अनिल भोंसले, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज लधवे, युवराज महाजन, प्रवीण शहाणे, लक्ष्मण महाजन सहित अन्य मौजूद रहे।

## वार्षिक साधारण सभा

बुरहानपुर। मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 एवं नियम 1962 के तहत मध्यप्रदेश राज्य पावरलूम बुनकर सहकारी संघ मर्यादितए बुरहानपुर की वार्षिक साधारण सभा 15 सितम्बर 2025 को प्रात: 11 बजे शनवारा स्थित कार्यालयए बुरहानपुर में आयोजित की गई है। गणपूर्ति के अभाव में बैठक उसी दिनए उसी स्थान परए निर्धारित समय से आधा घंटा पश्चात् प्रारंभ की जावेगीए जिसके लिए गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी। परिसमापनाधीन पावरलूम संस्थाओं के परिसमापक अधिकारी इस वार्षिक साधारण सभा में भाग ले सकेंगे।

**एक नजर** — अपने जीवन की 17 पुष्प कथा का श्री वल्लभ भवन को समर्पित......

# माता-पिता को सम्मान करो,सही अर्थों में जीते जी अपना समर्पण उन्हें देने से सही श्राद्ध कहलाता है





**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** आज मुझे मन में बहुत प्रसन्नता हो रही है कि मैं अपने जीवन की 17 पुष्प कथा का श्री वल्लभ भवन को समर्पित श्री गोकुल चंद्रमा जी के चरणों में अर्पण कर रहा हूं मुझे खुशी होती है कि अपने माता.पिता की स्मृति में अपने पूर्वजों की स्मृति में जो कथा करवाते हैं वास्तव में वह परिवार साधुवाद के लायक है नहीं तो जीते जी माता.पिता का अपने पूर्वजों का सम्मान नहीं करें और उनके श्राद्ध पर उन्हें खीर पुरी आलू बड़े खिलाएं वह किस काम के इसलिए जीते जी अपने माता.पिता अपने पूर्वज जो अपने से मांग रहे हैं उन्हें प्राप्त करो जो मांग रहे हैं वह जरूर खिलाओ । यह बात आदित्य भाई मुखिया जी ने भागवत जी की पूर्णाहुति पर कही।

उन्होने कहा कि जब भागवत जी की कथा गोकर्ण कर रहे थे तब सात गांठ का बास था जिसमें धुंधकारी आकर बैठ गए थे जब प्रथम दिन की कथा हुई तो बा स का प्रथम गाठ दूसरे दिन की कथा हुई इस तरह सातों दिन में सातों बा स की गांठ खुल गई और वह विमान में बैठकर प्रभु के धाम में गए, इसलिए अपने पूर्वजों का सम्मान करो अपने माता.पिता को सम्मान करो सही अर्थों में जीते जी अपना समर्पण उन्हें देने से सही श्राद्ध कहलाता है मैंने अपने भागवत गुरु श्री हरी कृष्णा भाई मुखिया जी के सामने अपनी तोतली भाषा में आप सभी को जो भागवत जी का सर समझाया केवल केवल पिताजी की ही कृपा है हम भाग्यवान है कि हमारे व्यास जी है और हम इनके सुखदेव हैं सुराजी परिवार का सादुवादकरते हुए रहस्य की बात बताता हु। अपने पूर्वजों ,अपने पितरों के प्रति श्रद्धा को व्यक्त करने की क्रिया का नाम ही श्राद्ध है। हमारे पूर्वजए अपने माता.पिता मेंए अपने बडों में अथवा पारिवारिक जनों में इतनी श्रद्धा रखते थे कि उनके मरने के बाद भी उनकी स्मृति और सम्मान में यथायोग्य दान.पुण्यए सत्कर्म किया करते थे। अपने पितरों के प्रति यही श्रद्धांजलि ही कालांतर में श्राद्ध कर्म के रूप में मनाई जाने लगी।

वर्तमान परिस्थितियों में इस बात का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए कि हमारी श्रद्धा मृत माता.पिता में तो होनी ही चाहिए लेकिन उससे महत्वपूर्ण यह है, कि मूर्त माता.पिता में भी हमारी श्रद्धा होनी चाहिए। श्रद्धा वही फलदायी होती है जो जीवित माँ-बाप के प्रति हो अन्यथा उनके मरने के बाद किया जाने वाला श्राद्ध एक आत्मप्रवंचना से ज्यादा कुछ नहीं होगा। जो मूर्त माँ.बाप के प्रति श्रद्धा रखता है, वही मृत माँ.बाप के प्रति श्राद्ध कर्म करने का सच्चा अधिकारी भी बन जाता है। श्राद्ध के इन दिवसों में हम अपने पूर्वजों का तो स्मरण करें ही, साथ ही आजीवन अपने घर में माता.पिता व बडों की श्रद्धापूर्वक सेवा भी व सम्मान भी अवश्य करें। श्री आदित्य भाई मुखिया जी ने भागवत जी की पूर्णाहुति पर कहा कि जीवन में गलतियां वी फलता अपमान निराशा और अ स्वीकृति यह सभी उन्नति की और विकास का ही एक हिस्सा है कोई भी व्यक्ति इन अनुभवों से गुजरे बिना जीवन में सम्मानजनक स्थान प्राप्त नहीं कर सकता ण् भागवत जी की पूर्णमति पर श्री गोकुल चंद्रमा जी मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी ने व्यास जी का पूजन किया और आर्ट ऑफ़लिविंग सत्संग के प्रमुख संतोष देवताले जी ने अपने उद्बोधन ने कहा की आदित्य भाई हमारे वकालत में हमारे परम मित्र है वकालत में बोलना अलग बात है परंतु 7 दिन धर्म के विषय में बोलना और लगभग 400 लोगों के सामने बोलने या हमारे लिए बहुत बड़ी गर्व की बात है हम मुखिया जी परिवार का दिल से साधुवाद करते हैं ।उन्होंने कहा कि मैं प्रथम दिन 10 मिनट के लिए कथा के लिए आया था लेकिन इनका अध्ययन और आध्यात्मिक जीवन पर प्रवचन सुनकर मन में प्रसन्न था वही मैं जैसा.जैसा अवसर मिला प्रतिदिन आकर अपने आप को पवित्र किया सनातन धर्म पर इनका व्याख्यान बहुत सुंदर रहा सुराजी परिवार का आभार व्यक्त किया गया।